पशुचिकित्सा महाविद्यालय में आकस्मिक शल्यचिकित्सा से बचाई मदा स्वान की जान

गत दिवस पशु चिकित्सा महावद्यालय जबलपुर के पशु चिकित्सा शैक्षणिक परिसर में सर्जरी की गई एक मदा स्वान की गर्भाशय नाल में फंसे हुए बच्चे को इमरजेंसी शैल्य क्रिया द्वारा बाहर निकाला गया तथा मदा स्वान की जान बचाई गई उक्त शल्य क्रिया डॉ. अपरा शाही पशु चिकित्सा शल्य विभाग के मार्गदर्शन में तथा डॉ. रणवीर सिंह जाटव अस्पताल अधीक्षक के सहयोग से पशु चिकित्सा पी.जी. छात्र डॉ. दिलीप कुमार आर्य, डॉ. प्रवेश दिवे दी तथा डॉ. सौरभ साहू ने डेढ़ घंटे की सर्जरी से मृत बच्चे को बाहर निकाला तथा मदा स्वान की जान बचाई।

पशु चिकित्सा अस्पताल में कोरोना महामारी के चलते निरंतर सेवाएं दी जा रही है और मूक पशुओं को उक्त उपचार प्रदान किया जा रहा है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना. दे. प. चि. वि. वि. जबलपुर